दिनांक 11.05.2025 समय: 2.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री-बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे।

विश्व नेता- संघर्ष विराम

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए विश्व के कई नेताओं ने इसे दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया है और दोनों देशों से इस दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए दोनों देशों से शांति बनाए रखने का आग्रह कियाहै।

यूरोपीय संघ की विदेशी मामलों की प्रमुख काजा कालस ने युद्ध विराम के महत्व और इसे कायम रखने के लिए सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया।

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में उम्मीद जताई है कि यह संघर्ष विराम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बहाल करने में योगदान देगा।

मुख्यमंत्री-इंदौर
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में जज गेस्ट हाउस का भूमिपूजन किया। साथ ही दशहरा मैदान में महापौर मेगा रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे मे आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जल संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है।

वहीं इंदौर में माँ देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार कराया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण की इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इस ऐतिहासिक बावड़ी का लोकार्पण भी करेंगे।

सरकार-तथ्य जांच

केन्द्र सरकार ने कहा है कि युद्ध के कई गेमिंग वीडियो हाल के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में प्रसारित किए जा रहे हैं। लोगों को ऐसे प्रोपेगंडा से बचने की सलाह दी गई है।

रक्षा मंत्री के कार्यालय के नाम से व्हाट्सएप पर ऐसा संदेश भी प्रसारित हो रहा है जिसमें भारत पाकिस्तान संघर्ष की स्थिति के मद्देनजर नागरिक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह संदेश फर्जी है और सरकार ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है।

इस संवेदनशील समय में प्रत्येक जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करना महत्वपूर्ण है। कोई भी संदिग्ध सामग्री विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट को देनी चाहिए। ऐसी सामग्री व्हाट्सएप नंबर 8799711259 और ईमेल आईडी - फैक्ट चैक एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी भेजी जा सकती है।

प्रौद्योगिकी दिवस

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा-3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बधाई दी है। वहीं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्र गर्व के साथ उन वैज्ञानिकों के असाधारण प्रयासों को याद करता है, जिनके कारण 1998 में पोखरण में सफल परीक्षण हुए थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद आज प्रतियोगिता पूरा करने के संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र 27 स्वर्ण और 22 रजत सहित 74 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। कर्नाटक 14 स्वर्ण और 19 रजत सहित 39 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान 11 स्वर्ण और चार रजत सहित 23 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।
- महिला बाल विकास विभाग ने नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा के ग्राम शिरुपुरा में एक 13 वर्ष की उम्र की नाबालिग लड़की की शादी को रोका।